नीदरलैंड / दुनिया की सबसे बड़ी साइकिल पार्किंग यहां एक बार में 12500 साइकिल पार्क हो सकती हैं

Next

- **नीदरलैंड की आबादी 1.71 करोड़, जबकि यहां 1.60 करोड़ लोगों के पास साइकिलें हैं**
- **इस पार्किंग में डिजिटल साइकिल स्पेस इंडिकेशन सिस्टम से खाली जगह ढूंढ सकेंगे**

Dainik Bhaskar

Aug 22, 2019, 11:41 AM IST

उट्रेच. नीदरलैंड के उट्रेच शहर में पिछले दो साल से बन रही दुनिया की सबसे बड़ी साइकिल पार्किंग तैयार हो गई है। सोमवार को इसे खोल दिया गया। तीन मंजिला पार्किंग में 12500 साइकिलें पार्क करने की जगह है। यहां रखे स्टैंड में एक के ऊपर एक साइकिलें रखी जा सकेंगी। 24 घंटे खुली रहने वाली मुफ्त पार्किंग रेलवे स्टेशन के पास है।

इस पार्किंग को रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को ध्यान में रखकर बनाया है। यहां डिजिटल साइकिल स्पेस इंडिकेशन सिस्टम लगे हैं। इससे यात्रियों को पार्किंग के लिए खाली जगह ढूंढने में आसानी होगी। उद्घाटन करने के बाद स्टेट सचिव वेन वेल्डहोवेन ने कहा, "देश में साइकिल चलाने वालों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में यह पार्किंग लोगों के लिए राहत का काम करेगी।"

साइकिल हमारे शरीर के अंक के समान: काउंसिलर

नीदरलैंड की सरकार ने 2017 में साइकिल पार्किंग और रूट बनाने के लिए 792 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। यह उसी का हिस्सा है। उट्रेच के काउंसिलर विक्टर एवरहार्ड ने कहा- "साइकिल हमारे शरीरे के अंग के समान है। सरकार चाहती है कि लोग स्वस्थ रहें और ज्यादा से ज्यादा साइकिल चलाएं।"

टॉप 5 देश, जहां सबसे ज्यादा लोग साइकिल रखते और चलाते हैं

देश	आबादी	साइकिल
नीदरलैंड	1.71 करोड़	1.60 करोड़
डेनमार्क	57 लाख	45 लाख
जर्मनी	8.35 करोड़	6.20 लाख
स्वीडन	90.41 लाख	60 लाख
नॉर्वे	54 लाख	34 लाख

* साइकिल रखने और चलाने के मामले में फिनलैंड 6वें, जापान 7वें, स्विट्जरलैंड 8वें, बेल्जियम 9वें और चीन दुनिया में 10वें स्थान पर है।